कुल प्रश्नों की संख्या : 27 ] [ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4

# XIHY-202302

## विषय : व्यवसाय अध्ययन (302)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 90

नोट – सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

निर्देश :

(i) प्रश्न क्रमांक 1 से 4 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक आबंटित है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 5 से 8 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं। एक शब्द/वाक्य में उत्तर लिखें। प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक आबंटित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 9 से 14 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 40 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 15 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 100 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 24 से 27 तक अति दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 120 शब्द है।

◆ **सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

**प्रश्न-1.** साझेदारी व्यवसाय में, साझेदारों की न्यूनतम सदस्य संख्या होती है- **(1)**

(अ) 20 (ब) 10

(स) 2 (द) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न-2.** बहुराष्ट्रीय कम्पनी का क्षेत्र है- **(1)**

(अ) स्थानीय (ब) राष्ट्रीय

(स) बहुराष्ट्रीय (द) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न-3.** ई-कॉमर्स है- **(1)**

(अ) इंजीनियरिंग कॉमर्स (ब) इकोनामिक्स कॉमर्स

(स) इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स (द) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न-4.** अंशों पर लाभांश देना है- **(1)**

(अ) अनिवार्य (ब) ऐच्छिक

(स) अनिवार्य एवं ऐच्छिक दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

◆ **निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में दीजिए-**

**प्रश्न-5.** क्या प्रबंध एक आर्थिक क्रिया है? **(1)**

**प्रश्न-6.** निजी क्षेत्र का मुख्य उद्देश्य है ............. । **(1)**

**प्रश्न-7.** अंश कितने प्रकार के होते हैं। **(1)**

**प्रश्न-8.** स्टार्ट-अप इण्डिया स्कीम कब प्रारम्भ हुई? **(1)**

◆ **लघुउत्तरीय प्रश्न-**

**प्रश्न-9.** व्यवसाय की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। **(1+1+1=3)**

**प्रश्न-10.** सार्वजनिक उपक्रम के कोई तीन गुण लिखिए। **(1+1+1=3)**

**प्रश्न-11.** बीमा के प्रकार लिखिए- (कोई तीन) **(1+1+1=3)**

**प्रश्न-12.** **A.T.M.** की कोई तीन उपयोगिता लिखिए। **(1+1+1=3)**

प्रश्न-13. ई-कामर्स के लाभ लिखिए (कोई तीन)। (1+1+1=3)

प्रश्न-14. नाबार्ड के कोई तीन कार्य लिखिए। (1+1+1=3)

◆ **लघु उत्तरीय प्रश्न-**

प्रश्न-15. संयुक्त हिन्दू परिवार व्यवसाय की विशेषताएँ लिखिए। (कोई चार) (1+1+1+1=4)

**अथवा**

सहकारी संगठन की विशेषताएँ लिखिए। (कोई चार)

प्रश्न-16. बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की भारत में क्या भूमिका है ? समझाइए। (कोई चार) (1+1+1+1=4)

**अथवा**

बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की हानियों पर प्रकाश डालिए। (कोई चार)

प्रश्न-17. उपभोक्ता के प्रति व्यवसाय का क्या सामाजिक उत्तरदायित्व है ? (कोई चार) (1+1+1+1=4)

**अथवा**

सरकार के प्रति व्यवसाय का क्या सामाजिक उत्तरदायित्व है ? (कोई चार)

प्रश्न-18. समता अंश और पूर्वाधिकारी अंश में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई चार) (1+1+1+1=4)

**अथवा**

अंशों व ऋण पत्रों में अंतर कीजिए। (कोई चार)

प्रश्न-19. निजी क्षेत्र और सार्वजनिक क्षेत्र में अंतर लिखिए। (कोई चार) (1+1+1+1=4)

**अथवा**

समता अंशों को जोखिम पूर्ण क्यों कहा जाता है ? कोई चार कारण लिखिए।

◆ **दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-**

प्रश्न-20. व्यवसाय के विभिन्न उद्देश्यों को समझाइए। (कोई पाँच) (1+1+1+1+1=5)

**अथवा**

पेशा की कोई पाँच विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न-21. व्यवसायिक प्रदूषण के प्रकार लिखिए। (कोई पाँच) (1+1+1+1+1=5)

**अथवा**

व्यवसाय पर पर्यावरण प्रदूषण के पड़ने वाले पाँच प्रभावों को लिखिए।

**प्रश्न-22.** ग्रामीण भारत में छोटे व्यवसाय की कोई पाँच भूमिकाएँ लिखिए। **(1+1+1+1+1=5)**

**अथवा**

लघु उद्योगों की कोई पाँच समस्याएँ लिखिए।

**प्रश्न-23.** व्यावसायिक नीतिशास्त्र के किन्हीं पाँच तत्वों का वर्णन कीजिये। **(1+1+1+1+1=5)**

**अथवा**

जिला उद्योग केन्द्र के कोई पाँच कार्य लिखिए।

✦ **दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-**

**प्रश्न-24.** साझेदारी तथा एकांकी व्यवसाय में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई छः) **(1+1+1+1+1+1=6)**

**अथवा**

सार्वजनिक कम्पनी एवं निजी कम्पनी में कोई छः अंतर लिखिए।

**प्रश्न-25.** व्यापारिक बैंक के किन्हीं छः कार्यों का वर्णन कीजिए। **(1+1+1+1+1+1=6)**

**अथवा**

केन्द्रीय बैंक के किन्हीं छः कार्यों का वर्णन कीजिए।

**प्रश्न-26.** व्यवसायिक वित्त के विभिन्न स्रोतों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। (कोई छः) **(1+1+1+1+1+1=6)**

**अथवा**

जन निक्षेप से आपका क्या आशय है ? यह व्यवसाय के लिए किस प्रकार लोकप्रिय है ? (कोई चार)

**प्रश्न-27.** साझेदारी संलेख में दी जाने वाली कोई छः बातें लिखिए। **(1+1+1+1+1+1=6)**

**अथवा**

संदेशवाहन (सम्प्रेषण) के किन्हीं छः माध्यमों को समझाइए।